दिनांकः 16.01.2026 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन की आज से शुरूआत–प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हावड़ा से कामाख्या के बीच चलने वाली इस ट्रेन को रवाना करेंगे।
- राष्ट्रमंडल देशों के संसदीय प्रतिनिधि आज से दो दिन के दौरे पर जयपुर पहुंचेंगे।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट–ग्राम की तैयारियों को लेकर बैठक की–23 जनवरी से विशेष शिविरों का आयोजन।
- राजस्थान पुलिस ने फेक ट्रैफिक ई–चालान के जरिये साइबर ठगी करने वालों से सतर्क रहने के लिए एडवाइजारी जारी की।

....................

देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन आज से शुरू हो रही है। ये ट्रेन हावड़ा, गुवाहाटी और कामाख्या के बीच चलेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मालदा रेलवे स्टेशन से इस ट्रेन को रवाना करेंगे। पूरी तरह से वातानुकूलित वंदे भारत स्लीपर रेलगाड़ी यात्रियों को किफायती किराए पर हवाई यात्रा का अनुभव देगी। इससे लंबी दूरी की यात्राएं तेज, सुरक्षित और अधिक सुविधाजनक बनेंगी। 823 यात्रियों की कुल क्षमता वाली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन में 16 आधुनिक कोच हैं। यह सेवा आम यात्रियों, छात्रों, पेशेवरों, प्रवासी श्रमिकों, व्यापारियों और तीर्थयात्रियों के लिए विशेष रूप से लाभदायक होगी।

....................

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि लोकतांत्रिक संस्थाएं पारदर्शी, समावेशी, उत्तरदायी और जनता के प्रति जवाबदेह होने पर ही मजबूत और प्रासंगिक बनी रह सकती हैं। श्री बिरला ने ये बात राष्ट्रमंडल देशों की संसद के अध्यक्ष और पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन के समापन भाषण में कही। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पीठासीन अधिकारियों का सर्वोपरि कर्तव्य संवैधानिक मूल्यों पर अडिग रहते हुए लोकतांत्रिक संस्थानों को समकालीन आवश्यकताओं के अनुरूप ढालना है। श्री बिरला ने कहा कि इस सम्मेलन में हुई चर्चाओं से ये बात स्पष्ट होती है कि संसदों को अधिक जन केन्द्रित और प्रभावी बनाने के लिए सामूहिक मंथन आवश्यक है।

....................

29वां सीएसपीओसी सम्मेलन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की अध्यक्षता में नई दिल्ली में आयोजित किया गया। अगला सम्मेलन लंदन में होगा। समापन सत्र में सम्मेलन की अध्यक्षता ब्रिटेन के सदन ऑफ कॉमन के अध्यक्ष सर लिंडसे होयल को सौंपी गई।

....................

राष्ट्रमंडल देशों के संसदीय प्रतिनिधि आज जयपुर आएंगे। 120 सदस्यीय इस दल में विधायिकाओं के अध्यक्ष, सदस्य और उच्च स्तरीय संसदीय अधिकारी शामिल हैं। प्रतिनिधि मंडल दो दिन के दौरे पर जयपुर पहुंचेगा और प्रदेश में संसदीय परम्पराओं का अध्ययन करेगा। इसके साथ ही ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण कर राजस्थान की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के बारे में भी जानेगा।

....................

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से आज से अध्यापक सीधी भर्ती परीक्षा 2025 आयोजित की जा रही है। ये परीक्षा प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में 7 हजार 700 से अधिक पदों पर अध्यापकों की भर्ती के लिए हो रही है। परीक्षाएं 20 जनवरी तक दो पारियों में होंगी।

....................

सलूंबर जिले की संस्कृति और विरासत को सहेजने के लिए आज 'पंच गौरव महोत्सव' आयोजित किया जा रहा है। दो दिन के उत्सव में जनजातीय कला, हस्तशिल्प प्रदर्शनी और जयसमंद झील पर नौका

दौड़ के कार्यक्रम होंगे। अतिरिक्त जिला कलेक्टर दिनेश राय ने बताया कि लोगों को पंच गौरव के बारे में बताने के लिए ये महोत्सव रखा गया है।

....................

राज्य सरकार ने अधिसूचना जारी कर फुलेरा तहसील के शार्दूलपुरा गांव को अभावग्रस्त घोषित किया है। आपदा प्रबंधन और नागरिक सुरक्षा विभाग की शासन उपसचिव शैफाली कुशवाहा ने बताया कि शार्दूलपुरा में बाढ़ से फसलों का काफी खराबा हुआ, इस कारण गांव को अभावग्रस्त घोषित किया गया है। प्रभावित किसानों को कृषि आदान अनुदान वितरण की अनुमति दी गई है।

....................

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 'ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट–ग्राम की तैयारियों को लेकर बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को ग्राम में ज्यादा से ज्यादा किसानों और पशुपालकों की सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। श्री शर्मा ने कहा कि प्रदेश में 23 जनवरी से गिरदावर सर्किल स्तर पर विशेष शिविरों को आयोजन किया जाएगा। ये शिविर 9 फरवरी तक लगेगें। इनमें विकसित भारत–जीरामजी कानून के तहत लोगों को जागरुक किया जाएगा। गांवों में विकास कार्यों के प्रस्ताव लेने के साथ ही सोइल हेल्थ कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड और मंगला पशु बीमा पॉलिसी वितरण के काम होंगे।
इसके साथ ही पशु टीकाकरण, मत्स्य और डेयरी उद्योग से संबंधी विभिन्न योजनाओं का लाभी भी किसानों को दिया जाएगा। ग्राम–2026 में देश–विदेश के किसान और पशुपालक हिस्सा लेंगे। साथ ही, कृषि और पशुपालन की उन्नत तकनीक साझा करने के लिए विभिन्न प्रदर्शक फर्म भी आएंगी। कृषि क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले किसानों को भी सम्मानित किया जाएगा। इस दौरान उन्नत कृषि, जल प्रबंधन, फसल विविधीकरण और अन्य नवाचारों पर मंथन होगा।

....................

राजस्थान एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स–एएनटीएफ ने एमडी ड्रग्स फैक्ट्री चलाने वाले और देशभर में नशे की सप्लाई करने वाले आरोपी रमेश को गिरफ्तार किया है। ए.एन.टी.एफ. ने इसे कोलकाता से पकड़ा किया है। इसके खिलाफ 31 मामले दर्ज हैं। मूल रूप से बाड़मेर निवासी ये आरोपी राजस्थान, महाराष्ट्र, गुजरात, तेलंगाना सहित कई राज्यों में ड्रग्स बनाने और सप्लाई करने का बड़ा नेटवर्क चला रहा था। पुलिस, गिरोह में शामिल अन्य लोगों के बारे में जांच कर रही है।

....................

राजस्थान पुलिस ने फेक ट्रैफिक ई–चालान के जरिये साइबर ठगी करने वाले लोगों से सतर्क रहने के लिए एडवाइजारी जारी की है। डीआईजी विकास शर्मा ने बताया कि साइबर अपराधियों ने ट्रैफिक ई–चालान को ठगी को नया तरीका बनाया है और इस बारे में मोबाइल पर लिंक के साथ ई–चालान का मैसेज भेज रहे हैं। उन्होंने लोगों से इस तरह के किसी लिंक पर क्लिक करने से बचने और सतर्क रहने को कहा है।

....................

सवाईमाधोपुर आज अपना 263वां स्थापना दिवस मना रहा है। इसे बाघ और अमरूद महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने बताया कि देश में पहली बार अमरूद महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। ये किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। सवाईमाधोपुर जिला कलेक्टर कानाराम ने बताया कि कल से शुरू होने वाले अमरूद महोत्सव का उद्घाटन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला करेंगे। इसके जरिये जिले की कृषि पहचान को राष्ट्रीय मंच देने का प्रयास किया जा रहा है।

................

सवाईमाधोपुर शहर के स्थापना दिवस कार्यक्रमों का आगाज आज त्रिनेत्र गणेश मंदिर में महाआरती के साथ हुआ।

....................